# B. J. DUPLEX BOARDS LIMITED

Regd. Office: H. No.-54, G/F New Rajdhani Enclave,
Near MCD Park New Delhi – 110092
Ph.: 011-42141100, 011-30251171, sbj@anandpulp.com
CIN: L21090DL1995PLC066281


**Date: May 26, 2023**

**To,**
**The Manager,**
**BSE Limited**
25th Floor, P. J. Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400001

**Scrip Code: 531647**

**Subject : Submission of copies of Published Audited Standalone Financial Results of B.J. Duplex Boards Limited ("the Company"), for the Quarter and Financial Year ended at March 31, 2023.**

Dear Sir/Madam,

With reference to the captioned subject and pursuant to the provisions of Regulation 47 of the Securities & Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of Newspaper publication made in the following newspapers on May 26, 2023 of the Audited Standalone Financial Results of the Company for the fourth quarter and financial year ended at March 31, 2023, as approved by the Board of Directors in their Meeting held on May 25, 2023:

1. Financial Express Newspaper (English Edition); and
2. Hari Bhoomi Newspaper (Hindi edition).

Kindly take the above on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For **B.J. Duplex Boards Limited**

DIVYA MITTAL
Digitally signed by DIVYA MITTAL
Date: 2023.05.26 11:41:52 +05'30'

**Divya Mittal**
**Company Secretary & Compliance Officer**

# आईपीएल : मुंबई इंडियंस को मिलेगी गुजरात टाइटंस से कड़ी चुनौती

## दूसरा क्वालीफायर मुकाबला स्टार स्पोर्ट्स पर आज शाम 7.30 बजे से

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

आकाश मधवाल की उत्कृष्ट गेंदबाजी से एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स पर बड़ी जीत दर्ज करने से उत्साहित मुंबई इंडियंस की टीम को शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। मधवाल ने बुधवार को चेन्नई में खेले गए एलिमिनेटर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए जिससे पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई ने लखनऊ को 81 रन से करारी शिकस्त दी। जसप्रीत बुमराह और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बावजूद मुंबई की यह बड़ी जीत दूसरी टीमों के लिए खतरे की घंटी है।

### फार्म में इंडियंस

मुंबई का इस सत्र में प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है लेकिन अब लगता है कि उसकी टीम सही समय पर अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आई है। कैमरन ग्रीन, सूर्यकुमार यादव और टिम डेविड ने अभी तक चुनौतियों का अच्छी तरह से सामना किया है। उनके अलावा युवा बल्लेबाज नेहल बढेरा भी अपना प्रभाव छोड़ रहे हैं जबकि रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी भी अपनी भूमिका निभा रही है। इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम अपने छठे खिताब की तरफ मजबूती से कदम बढ़ा रही है।

### मुंबई इंडियंस

रोहित शर्मा (कप्तान), क्रिस जॉर्डन, अरशद खान, जेसन बेहरेनडॉर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन (विकेटकीपर), डुआन जानसेन, क्रिस जॉर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, सूर्यकुमार यादव।





### गुजरात टाइटन्स

हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साईं सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नलकंडे , जयंत यादव, आर. साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा।

### मधवाल का शानदार प्रदर्शन

*मधवाल ने लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच में गेंदबाजी में चमत्कारिक प्रदर्शन किया। उन्होंने 3.5 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट लिए। टीम को उनसे इसी तरह के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मुंबई के अन्य गेंदबाजों में अनुभवी लेग स्पिनर पीयूष चावला और तेज गेंदबाज जेसन बेहरेनडॉर्फ ने भी प्रभावशाली गेंदबाजी की है। पिछले कुछ मैचों में रन लुटाने वाले तेज गेंदबाज क्रिस जॉर्डन में लखनऊ के खिलाफ दो ओवर में सात रन देकर एक विकेट लिया जो कि मुंबई के लिए अच्छा संकेत है।*

### गुजरात के गिल करेंगे धमाका

*गुजरात टाइटंस पहले क्वालीफायर में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई वाली चेन्नई सुपर किंग्स की टीम से पराजय झेलने के बाद इस मैच में उतरेगी। उसे लगातार दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। बल्लेबाजी में शुभमन गिल और विजय शंकर ने शानदार प्रदर्शन किया है। गिल ने अभी तक 15 मैचों में 722 रन बनाए हैं। गुजरात की तरफ से उनके बाद सर्वाधिक रन विजय शंकर ने बनाए हैं लेकिन वह गिल से 421 रन पीछे हैं। शंकर के नाम पर अभी 12 मैचों में 301 रन दर्ज हैं। गुजरात के लिए हालांकि कप्तान हार्दिक पंड्या का खराब प्रदर्शन चिंता का विषय है। उन्होंने पिछले पांच मैचों में केवल 45 रन बनाए हैं।*

## खबर संक्षेप



### अस्मिता ने माउंट एवरेस्ट पर फहराया तिरंगा

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन की वरिष्ठ प्रशिक्षक और दिग्गज पर्वतारोही अस्मिता दोर्जी (39 साल) ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने में सफलता हासिल की है। टाटा स्टील की विज्ञप्ति के अनुसार अस्मिता 23 मई की सुबह दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने में सफल रहीं। अस्मिता ने तीन अप्रैल को अपनी यात्रा की शुरुआत की थी और खुंबू क्षेत्र में आठ दिन पर्वतारोहण के बाद 14 अप्रैल को एवरेस्ट के आधार शिविर में पहुंची।

### फाइनल में नेसर को मिल सकता है मौका

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड काउंटी क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे माइकल नेसर से काफी प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर इस ऑलराउंडर को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और एशेज श्रृंखला के लिए टीम में शामिल किया जा सकता है। नेसर ने काउंटी क्रिकेट में ग्लैमोर्गन की तरफ से खेलते हुए अभी तक तीन पारियों में 123, 86 और 90 रन बनाए हैं। उन्हें अगले महीने होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल और एशेज के पहले दो टेस्ट मैचों के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में नहीं चुना गया है।



### मैं बुमराह का विकल्प नहीं : मधवाल

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग के एलिमिनेटर में लखनऊ सुपरजाइंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियन्स की 81 रन की आसान जीत में अहम भूमिका ई। मधवाल ने बुधवार रात 3.3 ओवर में पांच रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे मुंबई इंडियन्स की टीम फाइनल में जगह बनाने के एक और कदम करीब पहुंच गई। मधवाल ने मैच के बाद कहा, 'मैं टीम द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं। मैं बुमराह का विकल्प नहीं हूं लेकिन मैं जो कर सकता हूं उसे करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहा हूं।'

## फुटबॉल : जीता सत्र का दूसरा खिताब, फियोरेंटीना को 2-1 से दी मात

# इंटर मिलान बना इटालियन कप चैंपियन, मार्टिनेज ने दागे दो गोल



एजेंसी ▶▶| रोम

लुटारो मार्टिनेज के दो गोल की मदद से इंटर मिलान ने फियोरेंटीना को 2-1 से पराजित करके इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता।

मार्टिनेज ने बेनफिका और एसी मिलान के खिलाफ महत्वपूर्ण गोल करके इंटर मिलान की चैंपियंस लीग फाइनल में जगह सुरक्षित की थी। उन्होंने अपना यह शानदार प्रदर्शन जारी रखा और इंटर मिलान को इटालियन कप का महत्वपूर्ण खिताब दिलाया। इंटर मिलान का यह इस सत्र में दूसरा खिताब है। इससे पहले उसने जनवरी में इटालियन सुपर कप का खिताब जीता था और उस मैच में भी मार्टिनेज ने गोल दागा था। इंटर मिलान का लक्ष्य अब चैंपियंस लीग का खिताब जीतना होगा जिसके फाइनल में वह 10 जून को इस्तांबुल में मैनचेस्टर सिटी से भिड़ेगा।

### रियल मैड्रिड की जीत में छाए रहे बाहर बैठे विनीसियस जूनियर

मैड्रिड। रियल मैड्रिड की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में रायो वालेकानो पर 2-1 से जीत में विजयी गोल भले ही रोड्रिगो ने दागा लेकिन इस मैच में ब्राजील के उनके साथी विनीसियस जूनियर छाए रहे जो चोटिल होने के कारण बाहर बैठकर मैच देख रहे थे। रोड्रिगो ने गोल करने के बाद हवा में मुट्ठी भींची और अपने साथी विनीसियस के प्रति अपना समर्थन जताया। रविवार को वैलेंसिया के दर्शकों द्वारा विनीसियस के खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणियों के बाद रियल मैड्रिड का यह पहला मैच था जिसमें उनकी टीम ने अपने साथी खिलाड़ी के प्रति पूरी तरह से समर्थन व्यक्त किया।

### भारत, यूएई, मालदीव और चीन एक ग्रुप में शामिल

**नई दिल्ली।** भारत को अगले साल कतर में होने वाले एएफसी अंडर 23 एशियाई कप फुटबॉल प्रतियोगिता के क्वालीफायर्स के लिए संयुक्त अरब अमीरात, मालदीव और चीन के साथ ग्रुप जी में रखा गया है। टूर्नामेंट के आधिकारिक ड्रॉ एएफसी के कुआलालंपुर स्थित मुख्यालय में गुरुवार को डाले गए। ग्रुप जी के मैच छह से 12 सितंबर के बीच चीन में खेले जाएंगे। क्वालीफायर्स में कुल 43 टीमें भाग लेंगी जिन्हें 11 ग्रुप में बांटा गया है। इनमें 10 ग्रुप में चार चार जबकि एक ग्रुप में तीन टीमें हैं। प्रत्येक ग्रुप के मैच एक ही आयोजन स्थल पर राउंड रोबिन आधार पर खेले जाएंगे। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम तथा दूसरे स्थान की चार सर्वश्रेष्ठ टीम अंडर 23 एशिया कप के लिए क्वालीफाई करेंगी। कतर को मेजबान होने के कारण टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश दिया गया है। टूर्नामेंट अगले साल 15 अप्रैल से तीन मई के बीच खेला जाएगा।




# सिंधू, श्रीकांत, प्रणय क्वार्टर फाइनल में, लक्ष्य सेन बाहर

## मलेशिया मास्टर्स



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

भारत के स्टार खिलाड़ियों पीवी सिंधू, किदांबी श्रीकांत और एचएस प्रणय ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करके मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन युवा सनसनी लक्ष्य सेन को हार का सामना करना पड़ा।



पहले कोर्ट पर उतरने वाली विश्व में 13वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने अया ओहोरी पर दबदबा बनाए रखा और जापान की विश्व में 28वें नंबर की खिलाड़ी को 40 मिनट तक चले मैच में 21-16, 21-11 से पराजित किया। सिंधू क्वार्टर फाइनल में चीन की ही यी मैन झांग से भिड़ेगी। दुनिया में नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करके विश्व में 11वें नंबर के खिलाड़ी शी फेंग ली को एक घंटा 10 मिनट तक चले मैच में 13-21, 21-16, 21-11 से हराया। प्रणय अब जापान के केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे।

श्रीकांत ने इससे पहले कुनलावुत वितिदसर्न के खिलाफ जो तीन मैच खेले थे उनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन यहां वह 21-19, 21-19 से जीत दर्ज करने में सफल रहे। उनका अगला मुकाबला इंडोनेशियाई क्वालीफायर क्रिश्चियन एडिनाटा से होगा। भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन हालांकि हांगकांग के एंगस एनजी का लोंग से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गए।

### खिलाड़ियों ने फाइनल में पहुंचकर दिखाया जज्बा

*नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि लगातार दूसरी बार इससे टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अपने जज्बे का शानदार नमूना पेश किया विशेषकर तब जबकि टीम 2021 में खिताबी मुकाबले में हार गई थी। भारत सात जून से शुरू होने वाले डब्लूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड की वेबसाइट पर जारी वीडियो में रोहित ने कहा, 'साउथम्पटन में पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद हमने तुरंत ही एकजुट होकर अगले चक्र के लिए तैयारियां शुरू कर दी थी।'*

# यूपी खिलाड़ियों का संगम बना: मोदी

- पीएम ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का किया उद्घाटन

एजेंसी ▶▶| लखनऊ



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों का उद्घाटन करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश देश भर के खिलाड़ियों का 'संगम' बन गया है। उन्होंने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये इन खेलों का आगाज करते हुए कहा, 'खेलों के प्रति पिछली सरकारों का जो रवैया रहा है उसका एक जीता जागता सबूत राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान हुआ घोटाला था। जो खेल प्रतियोगिता विश्व में भारत की धाक जमाने के काम आ सकती थी, उसी में घोटाला कर दिया गया।'यह घोटाला 2010 में कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए द्वितीय सरकार के कार्यकाल के दौरान सामने आया था। मोदी ने कहा,' हमारे गांव देहात के बच्चों को खेलने का मौका मिले ,इसके लिए पहले एक योजना चला करती थी पंचायत युवा क्रीडा खेल अभियान लेकिन बाद में इसका नाम बदलकर राजीव गांधी खेल अभियान कर दिया गया। इस अभियान में भी फोकस सिर्फ नाम बदलने को लेकर था, देश के खेल के आधारभूत ढांचे को बदलने को लेकर नहीं दिखाया गया।'' प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेल में भाग ले रहे खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। उद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक समेत प्रदेश के तमाम मंत्री और अधिकारी मौजूद थे।

### यूटीटी के चौथे सत्र से पहले शरत साथियान और मनिका बत्रा रिटेन

**मुंबई।** अनुभवी शरत कमल और जी साथियान उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें उनकी संबंधित फ्रेंचाइजी ने अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग के चौथे सत्र से पहले रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) किया है।

गत चैंपियन चेन्नई लायंस ने 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन शरत जबकि तीसरे सत्र के उप विजेता दबंग दिल्ली टीटीसी ने साथियान को अपने साथ बरकरार रखा है। भारत की स्टार महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा एक बार फिर बेंगलुरू स्मैशर्स के लिए खेलती हुई नजर आएंगी जबकि एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता मानव ठक्कर को यू मुंबा टीटी ने अपने साथ जोड़े रखा है।

आगामी सत्र में छह टीम हिस्सा लेंगी जिनमें बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुणेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुंबा टीटी शामिल हैं।

## प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रही भारतीय टीम

# प्रो लीग में दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| लंदन



उत्साह से भरी भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में घरेलू चरण की फॉर्म को शुक्रवार को यहां ओलंपियन बेल्जियम से मुकाबले के साथ शुरू हो रहे यूरोपीय चरण में भी बरकरार रखने की कोशिश करेगी। टूर्नामेंट के यूरोपीय चरण के दौरान भारत आइंडहोवेन में मेजबान नीदरलैंड और अर्जेन्टीना से भी भिड़ेगा।

भारत इस साल की शुरुआत में विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन से उबरकर 2022-23 की प्रो लीग तालिका में शीर्ष पर चल रहा है। टीम इस दौरान विश्व चैंपियन जर्मनी और ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के खिलाफ अजेय रही। भारत ने राउरकेला चरण में तीन सीधी जीत दर्ज की जबकि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे मैच में भी शूटआउट जीतकर बोनस अंक जुटाया। भारत आठ मैच में पांच सीधी जीत और दो शूट आउट जीतकर 19 अंक के साथ अभी अंक तालिका में शीर्ष पर है। हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम शुक्रवार को यहां जब बेल्जियम और शनिवार को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगी तो उसकी नजरें जीत की लय को बरकरार रखने पर होगी।

### भारत के नए कोच फुल्टन की परीक्षा

*यूरोप में होने वाले प्रो लीग मुकाबले भारत के नए कोच क्रेग फुल्टन के मार्गदर्शन में टीम की पहली वास्तविक परीक्षा होगी और देखना होगा कि वह इस बेहद दबाव वाले काम से कैसे निपटते हैं। फुल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के ग्राहम रीड की जगह ली है जिनके मार्गदर्शन में भारत ने टोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीता था। भारत ग्रेट ब्रिटेन से पिछली बार तोक्यो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में भिड़ा था जिसमें टीम ने 3-1 से जीत दर्ज की थी। रियो ओलंपिक 2016 से भारत ने बेल्जियम के खिलाफ 19 मैच खेले हैं जिसमें से टीम ने आठ में जीत दर्ज की है जबकि नौ में उसे हार का सामना करना पड़ा है। दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।*

**बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड**
CIN: L21090DL1995PLC066281
पंजीकृत कार्यालय : म. नं. 54, जी/एफ न्यू राजधानी एंक्लेव, निकट एमसीडी पार्क, नई दिल्ली-110092
Email Id: admin@anandpulp.com; Website: www.bjduplexboard.com
31 मार्च 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम
रु. लाखों में

| | विवरण | समाप्त तिमाही | | समाप्त वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2023 (अंकेक्षित) | 31.03.2022 (अंकेक्षित) | 31.03.2023 (अंकेक्षित) |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (2.90) | (0.78) | (3.81) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (2.90) | (0.78) | (3.81) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (2.90) | (0.78) | (3.81) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (2.90) | (0.78) | (3.81) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 37.66 | 37.66 | 37.66 |
| 7 | रिजर्व्स (31.03.2022 के अनुसार पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | 0.00 | 0.00 | (114.22) |
| 8 | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर (अनिरंतर और निरंतर प्रचालनों हेतु) : | | | |
| | (1) बेसिक | (0.06) | (0.02) | (0.07) |
| | (2) डायल्युटेड | (0.06) | (0.02) | (0.07) |

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के पास दायर किये गये 31 मार्च 2023 को समाप्त चतुर्थ तिमाही और वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। 31 मार्च 2023 हेतु वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई वेबसाइट अर्थात www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.bjduplexboard.com पर उपलब्ध हैं।
2. उपरोक्त अंकेक्षित स्टैंडटलोन वित्तीय परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और बृहस्पतिवार, 25 मई 2023 को आयोजित उनकी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित कर दिये गये हैं।

कृते बी जे डुप्लेक्स बोर्ड्स लिमिटेड
हस्ता/-
सत्य भूषण जैन
(पूर्ण कालिक निदेशक)
डीआईएन : 00106272
दिनांक : 25.05.2023
स्थान : नई दिल्ली

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20
निविदा सूचना
ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा जमा करने व खुलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-103-51-1258 Dt. 25.05.23 | सहायक अधि. अभि. पुल/पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में मुरादाबाद गाजियाबाद खंड के पुल संख्या 103 व 51 जंग लगी रिवेट्स और सदस्यों यानी लेटरल ब्रेसिंग, एंगल्स, क्रॉस फ्रेम्स और गसेट प्लेट्स के बदलना और मुरादाबाद सहारनपुर खंड के पुल संख्या 1258 के क्षतिग्रस्त टॉप फ्लैंज को रिप्लेसमेंट का कार्य। | ₹. 53,47,825.04 | ₹. 1,07,000/- | 6 (छह) महीने | दिनांक 19.06.2023 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 2 | 32-W-BR-1137-BE-MB Dt. 25.05.23 | सहायक अधि. अभि. पुल/पुल/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार में बरैली मुरादाबाद खंड के पुल संख्या 1137 रेल गर्डर के टॉप फ्लेंज को मजबूत करने का कार्य। | ₹. 80,85,781.74 | ₹. 1,61,700/- | 6 (छह) महीने | दिनांक 19.06.2023 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |
| 3 | 32-W-BR-313-325-385-UMB Dt. 25.05.23 | सहायक अधि. अभि. पुल/पुल/अम्बाला के क्षेत्राधिकार में अम्बाला लुधियाना खंड के पुल संख्या 313, 325 व 385 के भारी संक्षारित क्रॉस गर्डर को मजबूत करने का कार्य। | ₹. 90,72,811.67 | ₹. 1,81,500/- | 6 (छह) महीने | दिनांक 19.06.2023 को 15:00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात्। |

नोट : उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व् डाउनलोड किया जा सकता है।
1583/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ